**भारत सरकार**
**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2694**
**दिनांक 11.12.2024 को उत्तर के लिए**

## राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता

**2694. श्री देवुसिंह चौहान:**

क्या **संसदीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता के उद्देश्य क्या हैं और युवाओं में लोकतांत्रिक जागरूकता को बढ़ावा देने में इसकी क्या भूमिका है?

**<u>उत्तर</u>**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करना, अनुशासन और दूसरों के विचारों के प्रति सहिष्णुता की स्वस्थ आदतें विकसित करना तथा विद्यार्थी समुदाय को संसद की कार्यप्रणाली से परिचित कराना है।

***